जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 3 मई, 2023

जामिया में इजिप्ट के ग्रैंड मुफ्ती का स्वागत

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की वाइस चांसलर प्रो नजमा अख्तर ने जामिया में रिपब्लिक ऑफ़ इजिप्ट के ग्रैंड मुफ्ती शाकी इब्राहिम अब्देल-करीम अल्लम का स्वागत किया। वह भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), विदेश मंत्रालय के विशिष्ट विज़िटर कार्यक्रम के तहत भारत का दौरा कर रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए वाइस चांसलर ने मिस्र में प्रमुख संस्थानों और विशेष रूप से अल-अजहर विश्वविद्यालय के साथ संकाय विनिमय, छात्र विनिमय, संयुक्त अनुसंधान और संयुक्त सम्मेलनों को बढ़ावा देने में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। वाइस चांसलर ने अरब और इस्लामी दुनिया में ग्रैंड मुफ्ती की स्थिति और उनके कार्यालय से जुड़े रिलीजियस अथॉरिटी के महत्व के बारे में बात की।

ग्रैंड मुफ्ती ने जामिया में स्वागत करने के लिए वाइस चांसलर को धन्यवाद दिया और धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को और अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देने के लिए मिस्र के संस्थानों और जामिया के बीच सहयोग की इच्छा व्यक्त की।

फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड लैंग्वेजेज, जामिया के डीन, प्रोफेसर मोहम्मद इशाक, डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक स्टडीज एंड अरेबिक के फैकल्टी सदस्यों ने शिक्षण और शोध के संबंध में विभागों में किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों के बारे में बात की।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया